नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''
# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## जंगल धूसड़, गोरखपुर
7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com
स्थापित २००५ ई.

पत्रांक.................................                                                                        दिनांक : 14-09-2019

## प्रकाशनार्थ
## डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह चुने गये शिक्षक संघ अध्यक्ष

महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर में शिक्षक संघ का चुनाव सम्पन्न हुआ। **अध्यक्ष पद** पर डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी डॉ. अभिषेक सिंह को 26 मतो से पराजित किया। डॉ. महेंन्द्र प्रताप सिंह को 41 मत जबकि डॉ. अभिषेक सिंह को 15 मत प्राप्त हुआ। **उपाध्यक्ष पद** पर डॉ. हरविन्दर श्रीवास्तव, **महामंत्री पद** पर डॉ. सुभाष कुमार गुप्ता, **संयुक्त मंत्री पद** पर श्रीमती मनीता सिंह तथा **कोषाध्यक्ष पद** पर श्रीमती प्रियंका मिश्रा र्निविरोध निर्वाचित हुई। साथ ही विज्ञान संकाय, कला संकाय, वाणिज्य संकाय तथा बी.एड. संकाय से क्रमशः श्रीकांत मणि त्रिपाठी, डॉ. यशवन्त राव, डॉ. राजेश शुक्ल तथा डॉ. नवनीत सिंह, र्निविरोध कार्यकारणी सदस्य निर्वाचित हुए। प्राचार्य **डॉ. प्रदीप कुमार राव** ने निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक संघ महाविद्यालय शैक्षिक संस्कृति को और अधिक मजबूत करने में अपना सक्रिय योगदान करेगा। नवनिर्वाचित **अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह** ने कहा कि शिक्षको की समस्याओं को उचित मंच पर प्रभावशाली ढंग से रखने का प्रयास शिक्षक संघ करेगा। महाविद्यालय में शैक्षिक वातावरण को निरन्तर बनाये रखने में शिक्षक संघ की भूमिका अहम होगी। इस अवसर पर **उपाध्यक्ष डॉ. हरविन्दर श्रीवास्तव** ने कहा कि शिक्षक संघ महाविद्यालय में भाईचारा और स्वस्थ्य वातावरण निर्माण में सक्रिय सहयोग करता रहेगा। **महामंत्री डॉ. सुभाष कुमार गुप्ता** ने कहा कि स्ववित्तपोषित महाविद्यालय के विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भी महाविद्यालय को निरन्तर प्रगतिशील और क्रियाशील बनाये रखने में प्राचार्य और प्रबन्ध तंत्र के साथ बातचीत के माध्यम से और समंजस्य बनाया जायेगा। **संयुक्त मंत्री श्रीमती मनीता सिंह** ने कहा कि शिक्षक संघ अपने रचनात्मक दृष्टि के साथ महाविद्यालय में शैक्षिक वातावरण सृजित करने में निरंतर प्रयास करता रहेगा। **कोषाध्यक्ष श्रीमती प्रियंका मिश्रा** ने कहा कि शिक्षक संघ महाविद्यालय में परिवार भाव एवं स्वस्थ्य साहचर्य विकसित करने के लिए कृतिसंकल्पित रहेगा। अन्त में **चुनाव अधिकारी डॉ. विजय कुमार चौधरी** ने विजयी प्रत्याशियों की घोषणा करते हुए सभी पदाधिकारियों एवं शिक्षको के प्रति सकुशल चुनाव सम्पन्न कराने के लिए आभार ज्ञापित किया।

**(डॉ. राजेश शुक्ला)**
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी